तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज राजूराम विश्नोई बनाम लो.सू.अ.(अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 256/2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.01.21	अपीलार्थी राजूराम विश्नोई, पता 564, मंगलनगर गुड़ा विश्नोईयां पं. स. लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 23.11..20 में उसके द्वारा (1) ग्राम पंचायत बालाजी नगर से सरपंच पद हेतु अक्टूबर 2020–21 में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याक्षियों/उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत नामांकन से संबंधित सम्पूर्ण पत्रावली, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	